(c) if not, in what manner Government propose to meet the shortage of the same?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN): (a) Provisional estimates of per capita production and per capita net availability which is broadly indicative of the levels of consumption, in respect of Cereal and pulses for the last three years are given below:

Year	Per capita production (Kg./Year)	Per capita net availability (Kg./Year)
CEREALS		
1989	192·3	166·0
1990	191·1	158·8
1991	192·3	172·5
PULSES		
1989	17·1	15·4
1990	15·3	13·4
1991	16·6	14·6

(b) and (c) The stock of foodgrains with public agencies as on 1.11.1991 was 14.92 million tonnes, which is considered to be sufficient to meet the requirements of the Public Distribution System in the country.

प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को सहायतार्थ उत्तर प्रदेश को केन्द्रीय सहायता

818. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान और माल की कितनी हानि हुई है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित व्यक्तियों को राहत देने के लिये सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस अवधि के दौरान सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के तहत उत्तर प्रदेश को पुनर्वास और राहत कार्यों के लिये कितनी-कितनी धनराशि दी है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) : (क) से (ग) राज्य सरकारों से जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

दालों का उत्पादन

819. **डा० जितेन्द्र कुमार जैन :**
सरदार जागजोत सिंह अरोड़ा :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के कुल खाद्यान्न उत्पादक क्षेत्र के 18 प्रतिशत क्षेत्र में ही दालों का उत्पादन होता है;